# दुर्गा पूजा को लेकर बदला राजधानी का ट्रैफिक रूट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। 13 अक्टूबर तक पूजा और विसर्जन कार्यक्रम तय है। इसके तहत गाड़ियों की इंट्री और पहुंच के लिए जगह तय किया गया है, पड़ाव में गाड़ी की पार्किंग कर ही पैदल घूमने के लिए जाना होगा। ये व्यवस्था शाम को 4 बजे से अगले दिन सुबह 4 बजे तक के लिए लागू रहेगी।

**भारी वाहनों का समय तय** : नौ अक्टूबर से बारह अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रातः 08:00 बजे से दूसरे दिन प्रातः 04:00 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

**ये रहेगी व्यवस्था** : सभी प्रकार के निजी वाहन/ऑटो ई-रिक्शा का परिचालन कचहरी चौक से शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक की ओर वर्जित रहेगा। सुजाता चौक की तरफ से मेन रोड में आने वाले निजी वाहन सैनिक मार्केट/जीईएल चर्च कम्प्लेक्स तक ही जा सकेगा।

पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट (रातू रोड) की ओर आने वाली सभी छोटी गाड़ियों का परिचालन 04:00 बजे अपराहन से प्रातः 04:00 बजे तक मिनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक तथा यहीं से हरमू चौक की ओर होगा। हरमू की तरफ से किशोरगंज होकर रातू रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहनों का परिचालन किशोरगंज चौक तक ही होगा। इस ओर से आने वाले ऐसे सभी दो पहिया वाहन किशोरगंज से आगे पहाड़ी मंदिर मोड से मिनाक्षी सिनेमा मोड एवं रातू रोड होकर पिस्का मोड की ओर जाएंगे। हरमू बाईपास रोड के तरफ से पिरका मोड़ की तरफ जाने वाले छोटे चार पहिया वाहन बीजेपी कार्यालय के पास से पीपर टोली होकर कटहल मोड/हेहल अंचल होते हुए पिस्का मोड़ की तरफ जाएंगे।

कांके रोड से कचहरी चौक की तरफ आने वाली छोटी गाड़ियां जाकिर हुसैन पार्क/रेडियम रोड़ होकर कचहरी चौक तक, लालपुर चौक से कचहरी चौक आने वाली छोटी गाड़ियां जेपीएससी कार्यालय तक, बरियातु रोड से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाली छोटी गाड़ियां लाईन टैंक रोड स्थित रामगढ़ ट्रेकर पड़ाव तक एवं डंगराटोली चौक से सर्जना चौक की ओर आने वाली छोटी गाड़ियां मिशन चौक तक ही आ सकेगी।

लालपुर से कोकर जाने वाला मार्ग वन-वे रहेगा, सिर्फ लालपुर से कोकर की ओर जाने वाले वाहन सदर थाना वाले मार्ग से होते हुए जाएंगे। कोकर से लालपुर की ओर आने वाली गाड़ियां कांटाटोली होकर अपने गंतव्य तक जाएगी।

हरमू रोड से छोटी गाड़ियां अरगोड़ा चौक, कडरू, सुजाता चौक, मुण्डा चौक होते हुए कांटाटोली जा सकती है।

कांके रोड से आने वाली गाड़ियां राम मंदिर, रणधीर वर्मा चौक, करमटोली से बुटी जमशेदपुर या कांटाटोली के तरफ जा सकती है। मेन रोड़ में 04:00 बजे अपरा? से अगले दिन 04:00 बजे सुबह तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

समय 04:00 बजे दोपहर से अगले दिन 04:00 बजे सुबह तक न्यू मार्केट चौक से किशोरगंज चौक तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। शहरी क्षेत्र में आवश्यक सामग्री लाने वाली गाड़ियां प्रातः 04:00 बजे से 08:00 बजे के बीच ही आ सकेगी।

**इन स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था**

- डोरंडा/सुजाता चौक से मेन रोड में आने वाले निजी एवं दो पहिया वाहन - सैनिक मार्केट/जीईएल चर्च कांप्लेक्स
- फिरायालाल से बकरी बाजार की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के निजी एवं दो पहिया वाहन- जिला स्कूल/बाल कृष्ण स्कूल कैम्पस
- डंगराटोली से सर्जना चौक जाने वाले वाहन- मिशन चौक के पास/संत जॉन्स स्कूल के सामने
- स्टेशन रोड स्थित पूजा पंडाल जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन- रेलवे भर्ती बोर्ड से चुटिया थाना मोड़ तक रोड के दोनों तरफ रेलवे पार्किंग
- लालपुर से कोकर जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन- साधु मैदान/बिजली ऑफिस
- खेलगांव से कोकर पूजा पंडाल जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन- रामलखन यादव कालेज कंपस
- कांके रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन- न्यू मार्केट आटो स्टैंड
- हरमू बाईपास रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन- बड़ा तालाब नदी ग्राउंड के पास
- पिस्का मोड़ से दुर्गा मंदिर चौक, रातु रोड आने वाले वाहन- दुर्गा मंदिर के पहले जायसवाल पेट्रोल पंप के सामने
- बरियातु रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन- नागाबा खटाल पार्किंग, जाकिर हुसैन पार्क के पास पार्किंग
- हरमू बाईपास से किशोरगंज तक आने वाले वाहन- मुक्तिधाम से किशोरगंज के बीच सड़क किनारे
- हरमू चौक के पास अवस्थित पूजा पंडाल- हरमू मैदान
- बरियातु हाउसिंग के पास पूजा पंडाल- बरियातू मैदान में पार्किंग
- सीएमपीडीआइ के पास पूजा पंडाल- कैंब्रियन स्कूल के आगे पार्किंग
- पुराना विधान सभा मैदान स्थित पण्डाल- शहीद मैदान

## विभिन्न पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# रांची में खुलने लगे दुर्गा पूजा पंडालों के पट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हो चुकी है। हर किसी में पूजा को लेकर उत्साह है। रांची के दुर्गा पूजा पंडाल भी सज-धजकर तैयार हो चुके हैं। राजधानी में दुर्गा पूजा पंडालों के पट खुल चकें है। मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। रविवार को भारतीय युवक संघ बकरी बाजार, रांची स्टेशन और ओसीसी क्लब के पंडालों के पट भक्तों के लिए खुले।

### भारतीय युवक संघ बकरी बाजार

भारतीय युवक संघ बकरी बाजार की ओर से मां भवानी के भक्तों के लिए राजस्थान की कलाकृतियों को दिखाते हुए एक काल्पनिक राजदरबार का प्रारूप बनाया गया है। पंडाल लगभग 100 फीट चौड़ा, 110 फीट लंबा और 75 फीट ऊंचा होगा। पंडाल का प्रारूप कुछ ऐसा बनाया गया है कि मैदान में घुसते ही लोगों को मां भवानी के दर्शन हो जाएंगे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, बिमला जालान, कृष्ण शर्मा, कल्पना अधुकिया सहित 40 धार्मिक और सामाजिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उद्घाटन किया।



## भव्य मैयूर पैलेस के काल्पनिक प्रारूप वाला पंडाल का दिव्यांग बच्चों ने किया उद्घाटन



शारदीय नवरात्र में राजधानी रांची में एक से बढ़कर एक पूजा पंडाल बनाए गये हैं। ओसीसी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति द्वारा 54वें दुर्गा पूजा आयोजन में इस बार राजस्थान का भव्य महल मयूर पैलेस रूपी पंडाल बनाया गया है। दिव्यांग बच्चों ने पंडाल का उद्घाटन किया। इस मौके पर राजीव रंजन मिश्रा मौजूद थे।

### ओसीसी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति



## 56-सेट डोरंडा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति में दक्षिणेश्वर काली मंदिर का भव्य प्रारूप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** छप्पन सेट डोरंडा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष मां के भक्तों के लिए दक्षिणेश्वर काली मंदिर का भव्य प्रारुप तैयार है। यहां 70 फीट ऊंचा पंडाल एवं 45 फीट ऊंचा लाइट गेट मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा। कलश स्थापना से लेकर विजयादशमी तक प्रत्येक शाम को महिला मंडल के द्वारा भजन कीर्तन एवं महाआरती का आयोजन होगा। दक्षिणेश्वर काली मंदिर पूजा पंडाल का उद्घाटन 8 अक्टूबर संध्या 7.00 बजे झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, वरिष्ठ पत्रकार विजय पाठक एवं रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे के हाथों किया जायेगा।

**छप्पन सेट सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की नव निर्वाचित कमेटी**

संस्थापक :- कपिल देव सिंह
मुख्य संरक्षक - आलोक कुमार दूबे
संरक्षक- कमलेश प्रसाद, गोपाल तिवारी, बबलू सिंह, बी.एन. झा, दीपक सिंह।
अध्यक्ष :गौतम कुमार दूबे (गोपी)
उपाध्यक्ष : ोपाल छेत्री, राकेश कुमार वर्मा,दीपक ठाकुर, पप्पू तिवारी, अजीत राय,मदन कुमार,
सचिवः विजय कुमार गुप्ता
सहसचिव : मुकुंद नेपाली, अश्विनी कुमार गोलू ,विवेक सिंह, दिलीप पांडे, जीवन लामा।
मीडिया प्रभारी : मेंहुल दूबे, नीरज कुमार, टिंकू यादव
विशेष आमंत्रित सदस्य : संजय सिंह, अभय सिंह, ओपी शर्मा, राहुल सिंह, काली पांडे, अजय थापा, मनोज तिवारी, नितेश कुमार।



## रांची रेलवे स्टेशन : झांकी में केदारनाथ और उज्जैन के होंगे दर्शन

रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति की ओर से इस वर्ष केदारनाथ मंदिर और उज्जैन के महाकाल का दर्शन कराएगी। साथ ही कोयंबटूर के आदियोगी शिव का दर्शन भी कराया जाएगा। यहां 50 फीट ऊंची आदि योगी की मूर्ति विराजमान होगी, जो भक्तों में आकर्षण का केंद्र होगी। पंडाल की दोनों ओर दीवारों पर शिवलिंग, नंदी, डमरू और सांप की कलाकृति भक्तों को आकर्षित करेगी। पंडाल का उद्घाटन शहर विधायक सिपी सिंह ने किया। मौके पूजा समिति के अध्यक्ष मुनचून राय मौजूद थे।



## श्री राम का राज्याभिषेक 18 को : रोहित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डोरंडा स्थित श्री राम भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने कहा कि 18 अक्टूबर को भगवान श्री राम का राज्याभिषेक समारोह आयोजित किया जायेगा। श्री शारदा रविवार को होटल युवराज पैलेस में समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1971 से लगातार यह कार्यक्रम होता रहा है। इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से कार्यक्रम को आयोजित किया जायेगा। बैठक में संरक्षक बीके विजय ने समिति के पिछले कार्यों की जानकारी रखी। बैठक में विनय ठाकुर, नम्रता सोनी, अमित गुप्ता, देवराज बर्मन, आशीष जोशी, अनूप बर्मन, पीयूष विजयवर्गीय, किशोर दास, राजेश विजय, रवि अग्रवाल, कुमुद पांडे, महेश विजय, जितेंद्र बरनवाल, अनिल केसरी, महेश सोनी, रंथु उरांव, दीपा रानी कुंज, बलबीर जैन, ऋषि शारदा, मीनू डांगी, अविनाश कुमार, श्रेयस सिंह आदि उपस्थित थे।



## बड़े डिजाइनर्स के कलेक्शन होंगे पेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** होटल रेडिसन ब्लू में मंगलवार और बुधवार को फैशन पॉइंट प्री-दिवाली और वेडिंग एग्जिबिशन का आयोजन किया जा रहा है। एग्जीबिशन का उद्घाटन प्रसिद्ध अभिनेत्री, युक्ति कपूर करेंगी। इस वर्ष के फैशन पॉइंट इवेंट में दिल्ली, मुंबई, बनारस, बैंगलोर, कश्मीर, कोलकाता और रांची के प्रमुख डिजाइनर्स अपने लेटेस्ट कलेक्शन के साथ उपस्थित रहेंगे, जो रांची वासियों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए हैं। वहीं कोलकाता के नामी फैशन डिजाइनर अभिषेक राय के डिजाइनर ड्रेस और हैंडमेड हैंडलूम साड़ियों का कलेक्शन प्रमुख आकर्षण होगा, जिन्हें कस्टमाइज भी किया जा सकता है। इसके अलावा, रियल और इमिटेशन ज्वेलरी के बेहतरीन विकल्प भी उपलब्ध होंगे। साथी एग्जीबिशन में एथनिक वियर डिजाइनर सूट, कुर्तियां, साड़ियां, लहंगे और ब्राइडल वियर शामिल हैं। विंटर वियर में लग्जरी कोट और जैकेट भी उपलब्ध होंगे।



## एफसीआई में स्वच्छता अभियान का आयोजन

**रांची।** भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान की दिशा में कई कार्यक्रम रविवार को आयोजित किये गए। कार्यक्रम की शुरूआत में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ ली। इसके अलावा, स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के बारे में अधिक जागरूक करने के लिए सफाई कर्मचारियों के लिए एक चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर की भी व्यवस्था की गयी एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यालय के आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर मनोज कुमार, महाप्रबंधक मौजूद थे।

## डेविड कम्पियन स्क्वैश कैंप के लिए आमंत्रित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारत में स्क्वैश के प्रति बढ़ती रुचि को देखते हुए इंग्लैंड के राष्ट्रीय कोच डेविड कम्पियन को पहली बार भारत में आयोजित होने वाले स्क्वैश कैंप के लिए आमंत्रित किया गया है। यह विशेष कैंप 6 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक क्रॉस कोर्ट अकादमी रांची में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के शीर्ष युवा स्क्वैश खिलाड़ी भाग लेंगे। इस कैंप में झारखंड के बीयू-13 वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ी इंडिया रैंकिंग वेदांत अग्रवाल (रैंक 5), इंडिया रैंकिंग जीयू-11 वर्ग में अविशा अग्रवाल (रैंक 11), इंडिया रैंकिंग-15 वर्ग में आध्या बुधिया (रैंक 3) साथ ही इंडियन रैंकिंग-जीयू-15 वर्ग की ब्रिया शर्मा (रैंक 12), इव-19 शिवेश कनोई रैंक-32, विराज गुप्ता रैंक -72,शीर्ष खिलाड़ी भी इस कैंप का हिस्सा बनेंगे। इस कैंप के माध्यम से डेविड प्रतिभाशाली भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव और तकनीकी सुधार में मदद करेंगे। इस कैंप के आयोजन में क्रॉस कोर्ट के फाउंडर श्वेता बुधिया और हेड कोच पुनीत पारीक का अहम योगदान रहा।



## कोई अनजान कॉलर सीबीआई अधिकारी बनकर करे फोन तो हर हाल में करें इग्नोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सावधान! कोई भी अननोन कॉलर आपको सीबीआई अधिकारी बनकर ठगने की कोशिश कर सकता है। राज्य व देश में बढ़ रही घटनाओं के मददेनजर झारखंड पुलिस ने आमलोगों से अपील की है कि यदि किसी को कोई खुद को सीबीआई अधिकारी बताता है और आपको या आपके किसी परिवार के सदस्य को किसी मामले में फंसाने की धमकी देता है तो उसे हर हाल में इग्नोर करें। झारखंड पुलिस ने कहा कि यह एक घोटाला है, इसके झांसे में न आयें। किसी के साथ इस तरह की घटना होती है तो साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा आप साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

**डरा-धमकाकर पैसे ठगने की कोशिश करते हैं साइबर अपराधी**

साइबर अपराधी खुद को सीबीआई या किसी और सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर आपको फोन करते हैं। वे लोगों को कहते हैं कि आप किसी कानूनी पचड़े में फंस गये हैं और आपको गिरफ्तार किया जा सकता है। यह एक तरह का साइबर फ्रॉड है, जिसमें साइबर अपराधी लोगों को डरा-धमकाकर उनसे पैसे ठगने की कोशिश करते हैं। वे यह भी कह सकते हैं कि आपके नाम से कोई पार्सल आया है, जिसमें गैरकानूनी चीज मिली है। इसके बाद वे आपसे पैसे मांगते हैं और कहते हैं कि अगर आप पैसे नहीं देंगे तो आपके खिलाफ केस दर्ज किया जायेगा। ऐसे कॉलर से सावधान रहने की जरूरत है।

## भाजपा प्रदेश मुख्यालय में बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुई चुनाव समिति की बैठक

# विधानसभा चुनाव में जीत की रणनीति पर हुआ मंथन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में रविवार की शाम प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बाबूलाल मरांडी ने किया। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें चुनाव प्रचार करने, राज्य सरकार की नाकामी को जन-जन तक पहुंचाने जैसे मुद्दों पर गहन विमर्श किया गया।

बैठक में प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, अर्जुन मुंडा, अमर कुमार बाउरी, नागेंद्र त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, बालमुकुंद सहाय, रविंद्र कुमार राय, समीर उरांव, सुनील सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, गणेश तिवारी, श्यामनारायण दुबे, विद्युत वरण महतो, आरती सिंह,केदार हाजरा शामिल थे।



स्पीड न्यूज

## नुक्कड़ नाटक से योजनाओं की दी जा रही है जानकारी



**अनगड़ा।** सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए स्वंय सेवी संस्था प्रगति परिषद के लोक कलाकारों ने प्रखंड के महेश पूर तथा सिकि दिरी बाजार में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने सरकार की कौन कौनसी योजनाएं जनता के हित के लिए चल रही है तथा उन योजना का लाभ जनता कैसे ले सकेंगे इसके बारे में जानकारी साझा की गयी कलाकारों में कृष्ण कु० नायक देवेन्द्र प्रसाद शिवा रजक चरकू लोहार श्वेत प्रकाश शेहली कुमारी स्वस्वी देवी चम्पा देवी इत्यादि शामिल थे।

## मारपीट के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**मांडर।** पुलिस ने अघणु पहान को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अघणु के बिरुद्ध अमरजीत सिंह प्राथमिकी दर्ज कराया था। प्राथमिकी के अनुसार इनके मित्र आनन्द एक्का को अघनु पाहन ने अवैध हथियार के बट-से मारकर जख्मी कर दिया है। इस मामले को लेकर अघनु पाहन को पुलिस ने गिरफ्तार किया और इसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया है। थाना प्रभारी राहुल ने बताया कि मांडर निवासी अमरजीत के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। साथ ही इसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल की गई एक देशी पिस्तौल को बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी मांडर थाना में दो मामले दर्ज हैं।

## झापा के केंद्रीय प्रधान महासचिव को सौंपा दावेदारी का पत्र



**खलारी।** झारखंड पार्टी से कांके विधानसभा क्षेत्र के लिए अनिल पासवान ने दवेदारी करते हुये केंद्रीय प्रधान महासचिव और पूर्व राज्य मंत्री अशोक कुमार भगत को आवेदन सौपा। श्री अनिल ने बताया कि कांके विधानसभा क्षेत्र अब तक जो भी विधायक है और हुए है अब तक नाकामयाबी हाशिल किया है। पार्टी जल, जंगल जमीन के साथ चुनावी मैदान में उतर रही है। पार्टी ने बुनियादी अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया है। इस बार चुनाव में इन्हीं मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की योजना बना रही है। मौके पर समाज सेवी राजू पासवान, प्रखंड महासचिव प्रकाश प्रजापति, सचिव सुनील कुमार,दीपक कुमार, छोटू कुमार और प्रखंड मीडिया प्रभारी अनीश कुमार शामिल थे।

## मारासिल्ली में गार्डवाल निर्माण का शिलान्यास

**नामकुम।** रविवार को खिजरी विधायक राजेष कच्छप के द्वारा मरासिल्ली पहाड़ के नीचे जलसंरक्षण एंव तालाब निर्माण की आधारषीला रखी। मौके पर विधायक श्री, कच्छप ने कहा कि तालाब एंव गार्डवाल बन जाने से पहाड से आने वाला जल संरक्षित होगा एंव उस जल का बहुउपयोग हो सकेगा। बाबा भोलेनाथ के दर्षन को आने वाले श्रद्धालुगण वहां स्नान भी कर सकेगें। मौके पर विधायक श्री,कच्छप एंव शिवलोकधाम के पुजारी पंडित बिरेस पाठक के द्वारा पूजा अर्चना की गयी। मौके पर लाल जयगोविंद राय, भरत राय, लाल मधुसूदन राय, लालकिशुन राय, लाल भैरोनाथ राय मौजूद थे।

# मुड़मा जतरा में ड्रोन से होगी निगरानी : ग्रामीण एसपी

### मेला संचालन समिति संग जिला प्रशासन ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** एतिहासिक मुड़मा जतरा मैदान में रविवार को जिला प्रशासन और मेल संचालन समिति के साथ बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने किया। इस बैठक में स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, एसडीओ उत्कर्ष कुमार, खलारी डीएसपी शामिल हुए। बैठक में आने वाले 18 एवं 19 अक्टूबर को आयोजित ऐतिहासिक मुड़मा जतारा का सफल संचालन को लेकर विधि व्यवस्था से संबंधित चर्चा की गई। मेले में होने वाले अनियंत्रित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने विधि व्यवस्था की जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी ने बताया ट्रैफिक रूल्स के अलावा पूरे क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी जगह-जगह पर टावर बनाकर पुलिस के जवान निगरानी करेंगे और आसामाजिक तत्वों पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी ताकि किसी भी तरह की विधि व्यवस्था से संबंधित कोई समस्या उत्पन्न ना हो और मेले में आने वाले लोग निर्भीक होकर मेला का आनंद ले सके। विधायक ने कहा है कि राज्य में आदिवासियों के सबसे बड़े मुड़मा जतरा मेले का भव्य आयोजन इस बार 18 एवं 19 अक्टूबर को किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उनका पूरा प्रयास है कि सरकारी स्तर से इस मेले को अधिक-से-अधिक सुविधा एवं सहायता प्राप्त हो और इसके लिये जल्द ही उनकी अध्यक्षता में आयोजन समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेगा।



### मेला में शौचालय की रहेगी व्यवस्था

प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने बताया कि जगह-जगह पर पानी की समुचित व्यवस्था की जाएगी। शौचालय का भी व्यवस्था किया जाएगा ताकि लोगों को समस्या ना हो। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा युवा नेता शनि टोप्पो, मांडर अंचल अधिकारी चंचल कुमारी, थाना प्रभारी राहुल, समाजसेवी शकीर इस्लाही, मोहम्मद आबिद, जगराम उराव, महादेव उरांव, शिव उरांव के साथ-साथ संचालन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# घर में घुसकर दो युवकों ने नाबालिग से किया दुष्कर्म

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग से उसके घर में घुसकर दो युवकों ने दुष्कर्म किया है। घटना 27 सितंबर की है। इस संबंध में पीड़िता के परिजन ने रविवार को सिकिदिरी थाना में कुटे के दो युवक आशिफ खान और सरवर खान के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार है। सिकिदिरी थाना प्रभारी ने बताया कि नाबालिग के पिता बाहर रहते है। घटना के दिन उसकी मां और छोटा भाई बोकारो गए थे। जबकि बड़ा भाई कोलकाता गया हुआ था। वह घर पर अकेली थी। दोनों युवक नाबालिग पर एक सप्ताह से नजर रखे हुए थे और उसके घर पर अकेले रहने का मौका तलाश कर रहे थे। इसी दौरान दोनों घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म किया। घटना के बाद से नबालिग डरी-सहमी और गुमशुम रहती थी। हमेशा जान देने की बात करती थी।मां ने जब दबाब देकर कारण जानना चाहा तो पीड़िता ने सारी घटना बता दी। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल जांच कराया है। सोमवार को 164 का बयान दर्ज कराया जाएगा। पुलिस सरगर्मी से दोनों आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# बीमारी से बचाव को स्वास्थ्य के प्रति रहें जागरूक

### 300 मरीजों के स्वास्थ्य की हुई जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** मेसरा अस्पताल बीआईटी में रविवार को स्वास्थ्य शिविर लगा कर आसपास के लगभग 300 मरीजों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। षिविर पहुचे लागों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में शामिल चिकित्सक डा. मतिउर रहमान, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. अमन सैन्की, डा. आर कुमार, जनरल फिजिशियन डा. बीके साहू, डा. ओम प्रकाश सिंह, डा. राहुल राज, डा. अतुल कुमार, यूरोलॉजिस्ट डा. ए कुमार एवं इनकी टीम द्वारा जांच कर निशुल्क दवा दी गई। इससे पूर्व षिविर का उद्घाटन अस्पताल के निदेषक जावेद अख्तर ने किया, कहा भाग दौड़ की जिंदगी व हॉस्पिटल की महंगे खर्च की डर से लोग अपनी स्वास्थ्य की जांच नही करा अपने स्वस्थ्य के प्रति लापरवाही बरतते हैं। षिविर में आने वाले कई मरीज की बिमारी सामान्य थी। वह तत्काल उपचार व चिकित्सक के सलाह से अपने बीमारी से छुटकारा पा सकते हैं। उन्होने लोगों से अपने स्वस्थ्य के प्रति जागरूक रहने व स्वास्थ्य जांच कराने की अपील किया। मौके पर एमडी मोहम्मद आफताब आलम, लैब टेक्नीशियन अमित ठाकुर, फामेर्सी माहताब आलम, रूपलाल महतो, मुस्दीक अख्तर, शाबानी टोपनो, अमीषा कुमारी, शांति कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रमिला कुमारी व सावित्री देवी आदि उपस्थित थें।



चिकित्सक को अपनी बीमारी बताते मरीज।

# खिजरी विधानसभा स्तरीय संवाद आपके साथ कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** रविवार को प्रखण्ड के रामपुर रिंग रोड पर कांग्रेस पाट्री का खिजरी विधानसभास्तरीय संवाद आपके साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि आने वाले समय में वर्तमान विधायक राजेश कच्छप बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे हैं। मैं इनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलने का काम करुंगा। हमारी गठबंधन की हेमन्त सोरेन राज्य में अच्छा काम कर रहे हैं। आप अपने विधायक राजेश कच्छप को पुनः विधानसभा चुनाव में भारी मतों से जीताएं। वहीं पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप बालमुचू ने कहा कि पार्टी के वर्तमान विधायक राजेश कच्छप को भारी मतों से विजय दिलाकर पुनः प्रदेश में गठबंधन की सरकार बनाना है वहीं खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि बीजेपी कितनों भी ताकत लगा ले खिजरी में कांग्रेस पार्टी ही जीतेगी। वहीं दयामनी बारला ने कहा कि ये दमनकारी भाजपा पार्टी को कभी भी झारखण्ड में सरकार बनाने नहीं देंगे। असम के मुख्यमंत्री झारखण्ड में आकर बड़ी बड़ी बातें करते है और झारखण्ड के मूल निवासीयों के लिए असम में कोई भी काम नहीं किए। पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि बीजेपी झारखण्ड में सरकार बना कर यहां के खनिज संपदा को देश के अरबपतियों के हाथों देना चाहती है।

### पलांडू में हिंदी पखवाड़ा का समापन

**नामकुम।** रविवार को आईसीएआर के पूर्वी अनुसंधान परिसर पलांडु में पिछले 13 सितंबर से चलनेवाले हिन्दी पखवाड़ा समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक हिन्दी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संट जेवियर्स कॉलेज के हिन्दी विभाग के डॉ कमल कुमार बोस तथा निर्मला कॉलेज रांची के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं प्रख्यात हिन्दी सेवी डा रेणु सिन्हा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थीं।

# नामकुम में प्रखंड स्तरीय जनजाति संवाद कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** रविवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार द्वारा नामकुम प्रखंड कार्यालय में प्रखंड स्तरीय जनजाति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आयोग की सदस्य डा आशा लकडा उपस्थित थी। जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि आप सबों को अब अपनी समस्या लेकर दिल्ली जाने की जरूरत नही है। आप अपनी शिकायत ऑनलाइन आयोग के पोर्टल पर या मेरे कार्यालय में आकर जमा करा सकते है। डा लकडा ने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी से काम करने और लोगों की समस्याओं को दुर करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने ऑन ऑनलाइन जमीन की रसीद नहीं कटने, पेयजल, आवास, सरना मसना की घेराबंदी, धूम कुड़ियां भवन निर्माण, नया आंगनबाड़ी केंद्र खोलने, पीडीएस डीलरा दुकान दुर होने के कारण कुटियातु के लोगों को राशन लेने हेतु पैदल चल कर दुर जाने की शिकायत की जिसपर सदस्य श्रीमती लकडा ने अभिलंब स्वयं सहायता समूह की सदस्य को दुकान आवंटित करने का निर्देश दिया मंडल भाजपा अध्यक्ष अशोक मुंडा ने प्रखंड कार्यालय समक्ष सूखा पेड़ के कभी भी गिर जाने और उससे बड़ी दुर्घटना होने की आषंका जतायी। कार्यक्रम में रेणु कुमारी, सीडीपीओ सविता वर्मा, बाल संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष आरती कुजुर, समाजसेवी अशोक मुंडा मौजूद थे।



# इटकी में झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन




खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा इटकी प्रखंड समिति के तत्वावधान में रविवार को गुलाम टोली में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में झामुमो युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा और किसान मोर्चा का गठन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पार्टी के नीति सिद्धांतो को जन जन तक पहुंचाएं और संगठन को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में विकास कार्य तेजी से हो रहा है। राजधानी रांची के कांटाटोली फ्लाईओवर जो लंबित पड़ा था उसे एक चुनौती की तरह लेते हुए पूरा किया। सरकार द्वारा महिला सम्मान योजना लाया गया जो महिलाओं को मजबूती प्रदान कर रही है। वहीं सरकार ने वर्षों पुरानी 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति विधान सभा में पास करा केंद्र को भेजी जिसमें भाजपा सरकार चुप्पी साधे हुए है। समारोह की अध्यक्षता झामुमो इटकी प्रखंड अध्यक्ष वसीम इकबाल ने किया। समारोह को जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, धर्मेंद्र सिंह, फरीद खान, सज्जाद अंसारी, प्रदीप मिर्धा, समीम मंसूरी सहित अन्य ने संबोधित किया।

# ओरमांझी के 13 पंडालों में होगी मां भवानी की पूजा

### दुर्गोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकरी व कार्यकताओं द्वारा शारदीय दुर्गा पूजा की तैयारी पूर्ण करने की तैयारी में जोरो से लगे हैं। पूजा पंडाल की तैयारी अंतिम रूप देने का कार्य चल रहा है। इस वर्ष प्रखंड क्षेत्र के पूजा समिति ओरमांझी, लालबहादुर शास्त्री दुर्गा पूजा समिति दड़दाग, श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति पांचा, शारदीय दुर्गा पूजा सह जतरा मेला समिति कुच्चू, श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति चुटूपालू व पूजा समिति आनंदी के अलावे दुर्गा पूजा समिति बारीडीह, हुटुप, कुकुई, चकला, रूक्का, जीराबार व सिलदिरी सहित 13 पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाएगी। वहीं विजयादष्मी के दिन माता की प्रतिमा विसर्जन के साथ ओरमांझी, चुटूपालू, कुच्चू, दड़दाग पांचा, बारीडीह आदि पूजा समितिओं द्वारा रावण दहन भी किया जाएगा। जिसकी तैयारी के साथ दुर्गा पूजा के अवसर पर पूजा समिति ओरमांझी व लालबहादुर शास्त्री पूजा समिति दड़दाग द्वारा दांडिया नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर क्षेत्र की महिलाएं व युवतियों में काफी उत्साहित हैं। इसके अलावे कई पूजा पंडालों में माता का जागरण, बच्चों का नृत्य आदि कार्यक्रम का आयोजन होना है। जिसे लेकर स्कूल बच्चों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# विस चुनाव : राजनीतिक पार्टियां कर रहीं जद्दोजहद

### आयोग जल्द करेगा ऐलान, क्षेत्र में सभाओं का दौर शुरू

शेख मुजिबुल

**रातू।** झारखंड में होने वाली विधान सभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। निर्वाचन आयोग की ओर से दुर्गोत्सव के बाद इसका ऐलान किये जाने की उम्मीद है। इसके मद्देनजर हटिया विस क्षेत्र में सभाओं का दौर शुरू हो गया है। चुनाव पूर्व राजनीतिक पार्टियां जद्दोजेहद कर रही हैं। एक ओर विधायक नवीन जायसवाल योजनओं का ताबड़तोड़ शिलान्यास कर रहे हैं। वहीं, भाजपा बूथ मजबूत करने में जुटी है। जबकि, कांग्रेस के अजय नाथ शाहदेव, आजसू के भरत कांशी, लोकहित अधिकार पार्टी के हजारी प्रसाद, जोहार पार्टी के कुशवाहा विजय महतो, झारखंड नवनिर्माण दल के विजय सिंह, सदान विकास पार्टी के डॉ राजेंद्र प्रसाद आदि बतौर प्रत्याशी अभी से ही वोटरों को रिझाने में लग गये हैं। विपक्षी नेताओं की ओर से ज्वलंत मुद्दे उठाये जा रहे हैं। वह राज्य सरकार की नाकामी गिना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आलोचना करते थक नहीं रहे हैं।

### खामोश है क्षेत्र की जनता

भाजपा समेत अन्य राजनीतिक दल अल्पसंख्यक, आदिवासी व महिला वोटरों को साधने में लगी हैं, लेकिन जनता बिल्कुल खामोश है। मंईयां सम्मान, कृषि ऋण, बिजली बिल माफी, अबुआ आवास आदि योजनाओं के लाभुकों को विचलित करने की कोशिशें हो रही हैं। किंतु, ग्रामीण टस से मस नहीं हो रहे हैं। वहीं, कांग्रेस योजना से लाभांन्वित लोगों को एकजुट कर वोट अपनी झोली में डालने की जुगत में है।

### कल रातू आयेंगी कल्पना सोरेन

झामुमो की तेज तर्रार नेत्री और विधायक कल्पना सोरेन इस बार के चुनाव में इंडिया गठबंधन की स्टार प्रचारक हो सकती हैं। उनकी दहाड़ से भाजपा पस्त दिखाई दे रही है। वह मंगलवार की शाम हाई स्कूल मैदान में आयोजित मंईयां सम्मान समारोह को संबोधित करेंगी। इसे लेकर मोर्चा के कांग्रेस व राजद कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद है।

### एक नजर में

## श्रमदान से ग्रामीणों ने बनायी सड़क



**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी बिंगबेड़ा के ग्रामीणों ने सरकारी उपेक्षा से तंग आकर रविवार को 2 किमी सड़क का निर्माण श्रमदान से किया। जानकारी के अनुसार पतरातू-मेड़ी मुख्य से बिंगबेड़ा मुख्य पथ की स्थिति काफी जर्जर है। ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों द्वारा सांसद,विधायक समेत विभागीय अधिकारियों के पास कई बार गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों ने खुद ही सड़क बना डाली।

## इटकी : कुर्गी बस्ती में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**इटकी।** जिप सदस्य रीना देवी ने रविवार को प्रखंड के कुर्गी बस्ती में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत रूप से शिलापट से पर्दा उठा कर किया। पीसीसी सड़क का निर्माण एनएच से सरफराज मास्टर के घर होते हुए दीना मास्टर के घर तक किया जाएगा। मौके पर जिप सदस्य रीना देवी ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से गांव वालों को आवागमन में सुविधा होगी। मौके पर श्रील लकड़ा, सुनीता कुजूर, संजय महतो, मो इजहार, शमसाद, दिलीप, आतिश सहित अन्य मौजूद थे।

## विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



**सोनाहातू।** टैलेंट हंट ग्रुप द्वारा सामान्य ज्ञान परीक्षा सोनाहातू 2024 का आयोजन रविवार को किया गया। परीक्षा संपन्न होने के बाद बीडीओ खगेश कुमार के द्वारा टॉप प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिया गया। इन प्रतिभागियों को पुरस्कार मिला कुणाल मुंडा(1-5), सुलेखा कुमारी(6- 8), सुबोध पुराण (9-10), दितीय पुरस्कार हेतु - पलक कुमारी(1- 5),प्रीति कुमारी (6- 8),प्रियांसी कुमारी (9- 10), तृतीय पुरस्कार हेतु - राहुल पुराण (1- 5), पायल जायसवाल (6- 8), बजरंग साहु और रोशनी कुमारी संयुक्त (9- 10) तथा बाकी टॉप टेन तक सांत्वना पुरस्कार किया गया । प्रतियोगिता परीक्षा में मुख्य भूमिका टैलेंट हंट के संस्थापक अर्जुन कुमार, सहित दीपक कुमार, हराधन, दशरथ,डोमन, तुलसी ,गहन,सुरेंद्र, दीनानाथ, सर्बेशर, मलिंद्र, रोहन, दीपक, अनिल चंद्र, श्रीकांत, करमचंद,रविन्द्र, नंदकिशोर, कृष्णा, सुंदरसाय, रमेश, रवि,आदि का योगदान रहा।

## मुंडा समाज की रीति-रिवाज और संस्कारों को संरक्षित करने का निर्णय



**नामकुम।** रविवार को सरना मुण्डा समाज की बैठक बिरसापाहन की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। नामकुम बस्ती धुमकुडिया में आयोजित कार्यक्रम में समाज के अगुआओं ने मुण्डा समाज की जन्म संस्कार,मृत्यु संस्कार,पूजा पद्वति,रिति रिवाज, भासा संस्कृति एंव समाज की धरोहर को संरक्षित करने को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान मुण्डा समाज को नषामुक्त रखने एवं षिक्षा का स्तर बढाने को लेकर भी बात कही गयी। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से गांवों के विकास को पडहा व्यवस्था के अनूरूप करने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम मे किरण संगा, शिवशंकर मुंडा, क्रिस्टो सिंह मुण्डा, रघुनाथ पाहन, देवचन्द्र कौडियार, हरि मुण्डझ, अनील मुण्डा, गणेस मुण्डा, सुधीर मुण्डा मौजूद थे।





# जय-जय मां दुर्गा दुखहरिणी



## श्री श्रीरविशंकर

भारतीय आध्यात्मिक इतिहास में शक्ति पीठों का बहुत महत्व है ' निम्नलिखित लेख में, हमने भारत में और उसके आसपास के शक्ति पीठों से संबंधित सभी उचित जानकारियां प्राप्त करने की कोशिश की है। हमने शक्तिपीठों, उनके स्थान और वहां पहुंचने के बारे में सभी उपलब्ध जानकारी को संगठित करने का प्रयास किया है '

**शक्तिपीठ से जुड़ी कहानी**

यह माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने देवी आदि शक्ति और भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ किया था। देवी आदि शक्ति प्रकट हुई,जो शिव से अलग होकर ब्रह्मा को ब्रह्मांड के निर्माण में मदद की। ब्रह्मा बेहद खुश थे और शिव को देवी आदि शक्ति वापस देने का फैसला करते हैं। इसलिए उनके पुत्र दक्ष ने माता सती को अपनी बेटी के रूप में प्राप्त करने के लिए कई यज्ञ किया था। भगवान शिव से शादी करने के इरादे से माता सती को इस ब्रह्मांड में लाया गया था, और दक्ष का यह यज्ञ सफल रहा। भगवान शिव के अभिशाप में भगवान ब्रह्मा ने अपने पांचवें सिर को शिव के सामने अपने झूठ के कारण खो दिया था। दक्ष को इसी वजह से भगवान शिव से द्वेष था और भगवान शिव और माता माता सती की शादी नहीं कराने का निर्णय लिया था। हालांकि, माता सती शिव की ओर आर्किषत हो गई और माता सती ने कठोर तपस्या की और अंत में एक दिन शिव और माता सती का विवाह हुआ।

भगवान शिव पर प्रतिशोध लेने की इच्छा के साथ दक्ष ने यज्ञ

किया। दक्ष ने भगवान शिव और अपनी पुत्री माता सती को छोड़कर सभी देवताओं को आमंत्रित किया। माता सती ने यज्ञ में उपस्थित होने की अपनी इच्छा शिव के सामने व्यक्त की, जिन्होंने उसे रोकने के लिए अपनी पूरी कोशिश की परंतु माता सती यज्ञ में चली गई। यज्ञ के पहुंचने के पश्चात माता सती का स्वागत नहीं किया गया। इसके अलावा, दक्ष ने शिव का अपमान किया। माता सती अपने पिता द्वारा अपमान को झेलने में असमर्थ थी, इसलिए उन्होंने अपने शरीर का बलिदान दे दिया।

अपमान और चोट से क्रोधित भगवान शिव ने तांडव किया और शिव के वीरभद्र अवतार में दक्ष के यज्ञ को नष्ट कर दिया और उसका सिर काट दिया। सभी मौजूद देवताओं से अनुरोध के बाद दक्ष को वापस जीवित किया गया और मनुष्य किस कर के चलें एक बकरी का सिर लगाया गया। दुख में डूबे शिव ने माता सती के शरीर को उठाकर, विनाश का दिव्य नृत्य, किया। अन्य देवताओं ने विष्णु को इस विनाश को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया, जिस पर विष्णु ने सुदर्शन चक्र का इस्तेमाल करते हुए माता सती के देह के 52 टुकड़े कर दिए। शरीर के विभिन्न हिस्सों भारतीय उपमहाद्वीप के कई स्थानों पर गिरे और वह शक्ति पीठों के रूप में स्थापित हुए। गुरुदेव से किसी ने पूछा की यदि शिव एक व्यक्ति नहीं है और केवल एक तत्व (तत्त्व) है तो माता सती के शरीर के हिस्सों से इतने शक्ति पीठ (ऊर्जा की सीट) क्यों बने है? श्री श्री रवि शंकर ने कहा की शक्ति पीठ का अर्थ है ऊर्जा की एक सीट।

शक्ति पीठ (ऊर्जा की सीट) वह जगह है जहां लोगों ने लंबे समय तक ध्यान किया है और वहां ऊर्जा पाई गई है। जब आप ध्यान और गाते हैं तो उस स्थान पर ऊर्जा इकट्ठा हो जाती है। जब आप सकारात्मक स्थिति में होते हैं, न केवल आप, यहां तक कि खंभे, और पेड़ों और पत्थरों सकारात्मक कंपनों को अवशोषित करते हैं। इसी प्रकार ये शक्ति पीठ का निर्माण हुआ। शक्तिपीठ सिर्फ कोई एक स्थान नहीं है, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के अनुसार, यह दैवी शक्ति से ओत-प्रोत एक जगह है जहां पर ध्यान किया जा सकता है। देवी पुराण के अनुसार 51 शक्तिपीठों की स्थापना की गयी है और यह सभी शक्तिपीठ बहुत पावन तीर्थ माने जाते हैं। वर्तमान में यह 51 शक्तिपीठ पाकिस्तान, भारत, श्रीलंका,और बांग्लादेश, के कई हिस्सों में स्थित है। कुछ महान धार्मिक ग्रंथ जैसे शिव पुराण, देवी भागवत, कालिक पुराण और अष्टशक्ति के अनुसार चार प्रमुख शक्ति पीठों को पहचाना गया है।

## एक दिन का व्रत भी स्वीकार्य

नवरात्रों में नौ दिनों तक व्रत और पूजा का विधान है, परन्तु यदि सामर्थ्य न हों तो 7, 5, 3 या 1 दिन का भी व्रत रखा जा सकता है। नवरात्रों में पहले और आखिरी दिन व्रत का भी काफी महत्व है। पूजन स्थल को भली प्रकार साफ कर एक चौकी रखें। चौकी पर लाल रेशमी वस्त्र बिछाएं। मां भगवती की चार भूजा वाली, सिंह पर सवारी करते हुए जो मूर्ति हो उसे स्थापित करें। मिट्टी के बर्तन में जौ, गेहूँ, बोयें, तथा एक कलश की स्थापना करें। कलश पर आम के पल्लव व एक नारियल रखें एवं कलश पर स्वास्तिक बनाएं। रोली, कुमकुम, अक्षत, लाल व सुगन्धित फूल, धूप, दीप, आदि से पूजन करें। एक घी का दीपक जलाएं जो नौ दिनों तक लगातार जलता रहें। श्रद्धा पूर्वक माता का पाठ करें। पूजन के बाद श्रद्धा पूर्वक सुबह और शाम आरती करें। अष्टमी अथवा नवमी के दिन मां दुर्गा की कन्या के रुप में पूजा की जाती है। शास्त्रों के अनुसार कन्या का पूजन मां का ही पूजन है। इसलिए इस दिन 9 या 11 कन्याओं को श्रद्धा व भक्ति भाव से अपने घर आमंत्रित करते है। कन्याओं के साथ एक लंगूर, अर्थात लड़के को भी आमंत्रित करें।

आमंत्रित कन्याओं के पैर धोकर उन्हें आसन पर बैठाया जाता है। उनके हाथों में मौली बांध कर माथे पर रोली का टीका लगाएं, चुन्नी अर्पित करें, उसके बाद सभी की आरती करें। भगवती दुर्गा को चना, हलवा, खीर पूड़ी, पूआ तथा फल आदि का भोग लगाएं। यही प्रसाद कन्याओं को अर्पित करें। इस प्रकार विधि विधान, श्रद्धापूर्ण और विश्वास के साथ पूजन करने से साधक को मनोवांछित फल प्राप्त होते हैं।

प्रत्येक वर्ष में दो बार नवरात्रे आते है। पहले नवरात्रे चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरु होकर चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि तक चलते है। अगले नवरात्रे शारदीय नवरात्रे कहलाते है। ये नवरात्रे आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरु होकर नवमी तिथि तक रहते है। दोनों ही नवरात्रों में देवी का पूजन किया जाता है। देवी का पूजन करने की विधि दोनों ही नवरात्रों में लगभग एक समान रहती है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष के नवरात्रों के बाद दशहरा पर्व मनाया जाता है। नवरात्रों में माता के नौ रुपों की पूजा की जाती है।

वर्ष 2017 में चैत्र (वासंती) नवरात्र व्रत 28 मार्च से शुरु होकर 5 अप्रैल तक रहेगें। व्रत का संकल्प लेने के बाद, मिट्टी की वेदी बनाकर 'जौ बौया' जाता है। इसी वेदी पर घट स्थापित किया जाता है। घट के ऊपर कुल देवी की प्रतिमा स्थापित कर उसका पूजन किया जाता है। इस दिन ₹दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता है। पाठ पूजन के समय दीप अखंड जलता रहना चाहिए।

नवरात्रि की पहली तिथि पर सभी भक्त अपने घर के मंदिर में कलश स्थापना करते हैं। इस कलश स्थापना की भी अपनी एक पूजा विधि, एक मुहूर्त होता है। कलश स्थापना को घट स्थापना भी कहा जाता है। घट स्थापना का मुहूर्त प्रतिपदा तिथि (28 मार्च) को प्रातः 08:26 बजे से 10:24 बजे तक है। इस समय के बीच ही घट स्थापना हो सकेगी।

नवरात्रि की पहली तिथि में दुर्गा मां के प्रारूप मां शैलपुत्री की आराधना की जाती है इस दिन सभी भक्त उपवास रखते हैं और सायंकाल में दुर्गा मां का पाठ और विधिपूर्वक पूजा करके अपना व्रत खोलते हैं


### पूजन प्रारंभ करने की प्रक्रिया

हिन्दू शास्त्रों में किसी भी पूजन से पूर्व, भगवान गणेशजी की आराधना का प्रावधान बताया गया है। माता जी की पूजा में कलश से संबन्धित एक मान्यता है के अनुसार कलश को भगवान श्री गणेश का प्रतिरुप माना गया है। इसलिये सबसे पहले कलश का पूजन किया जाता है। कलश स्थापना करने से पहले पूजा स्थान को गंगा जल से शुद्ध किया जाना चाहिए। पूजा में सभी देवताओं आमंत्रित किया जाता है। कलश में सात प्रकार की मिट्टी, सुपारी, मुद्रा रखी जाती है। और पांच प्रकार के पत्तों से कलश को सजाया जाता है। इस कलश के नीचे सात प्रकार के अनाज और जौ बौये जाते है। जिन्हें दशमी की तिथि पर काटा जाता है। माता दुर्गा की प्रतिमा पूजा स्थल के मध्य में स्थापित की जाती है।कलश स्थापना के बाद, गणेश भगवान और माता दुर्गा जी की आरती से, नौ दिनों का व्रत प्रारंभ किया जाता है। कई व्यक्ति पूरे नौ दिन तो यह व्रत नहीं रख पाते हैं किन्तु प्रारंभ में ही

## नवरात्रि में शक्ति पीठ पर उमड़ी साधको की भारी भीड़

**भारतीय** आध्यात्मिक इतिहास में शक्ति पीठों का बहुत महत्व है ' निम्नलिखित लेख में, हमने भारत में और उसके आसपास के शक्ति पीठों से संबंधित सभी उचित जानकारियां प्राप्त करने की कोशिश की है। हमने शक्तिपीठों, उनके स्थान और वहां पहुंचने के बारे में सभी उपलब्ध जानकारी को संगठित करने का प्रयास किया है। शक्ति पीठ वह जगह है जहां लोगों ने लंबे समय तक ध्यान किया है और वहां ऊर्जा पाई गई है। जब आप ध्यान और गाते हैं तो उस स्थान पर ऊर्जा इकट्ठा हो जाती है। जब आप

### कामख्या शक्ति पीठ



शक्तिपीठ सिर्फ कोई एक स्थान नहीं है, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के अनुसार, यह दैवी शक्ति से ओत-प्रोत एक जगह है जहाँ पर ध्यान किया जा सकता है।

देवी पुराण के अनुसार 51 शक्तिपीठों की स्थापना की गयी है और यह सभी शक्तिपीठ बहुत पावन तीर्थ माने जाते हैं। वर्तमान में यह 51 शक्तिपीठ पाकिस्तान, भारत, श्रीलंका,और बांग्लादेश, के कई हिस्सों में स्थित है।

सकारात्मक स्थिति में होते हैं, न केवल आप, यहां तक कि खंभे, और पेड़ों और पत्थरों सकारात्मक कंपनों को अवशोषित करते हैं। इसी प्रकार ये शक्ति पीठ का निर्माण हुआ। कुछ महान धार्मिक ग्रंथ जैसे शिव पुराण, देवी भागवत, कालिक पुराण और अष्टशक्ति के अनुसार चार प्रमुख शक्ति पिठों को पहचाना गया है, जो निम्नलिखित हैं

### कालीपीठ- कालिका

कोलकाता के कालीघाट में माता के बाएँ पैर का अँगूठा गिरा था। यह पीठ स्थान हुगली नदी के पूर्वी किनारे पर स्थित है। निकटतम रेलवे स्टेशन हावड़ा है और निकटतम मेट्रो स्टेशन कालीघाट है। मंदिर का दौरा करने का सबसे अच्छा समय सुबह या दोपहर है।

### कामगिरि- कामाख्या

असम के गुवाहाटी जिले में स्थित नीलांचल पर्वत के कामाख्या स्थान पर माता का योनि भाग गिरा था। गुवाहाटी असम की राजधानी है, और सभी प्रकार की यात्रा सुविधाओं से निपुण है। यदि हम ट्रेन से जाते हैं और सीधे मंदिर से संपर्क करना चाहते हैं, तो हमें निलाचल स्टेशन पर उतरना होगा। वहां से, पहाड़ी पर चढऩे के लिए दो मार्ग हैं एक कदम मार्ग (लगभग 600 कदम) और बस मार्ग (कामख्या द्वार के माध्यम से, लगभग 3 किलोमीटर।

### तारा तेरणी

तारा तेरणी मंदिर को सबसे अधिक सम्मानित शक्ति पीठ और हिंदू धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थान केंद्रों में से एक माना जाता है। यह माना जाता है कि देवी माता सती का स्तन कुमारी पहाड़ियों पर गिर गया जहां तारा तेरणी पीठ स्थित है। ब्रह्मपुर मंदिर से




35 किमी, भुवनेश्वर (165 किमी) और पुरी (220 किमी) स्थित है। निकटतम रेलवे स्टेशन हार्हाह-चेन्नई लाइन पर दक्षिण-पूर्व रेलवे पर बेरहमपुर है। 165 किमी दूर स्थित, भुवनेश्वर निकटतम हवाई अड्डा है, जहां से दिल्ली और कलकत्ता जैसे प्रमुख शहरों के लिए उड़ानें ली जा सकती है।

### बिमला

विमला मंदिर एक हिंदू मंदिर है जो देवी विमला को समर्पित है, जो भारत के उड़ीसा राज्य में पुरी में जगन्नाथ मंदिर परिसर के भीतर स्थित है। यह एक शक्ति पीठ के रूप में माना जाता है। कहा जाता है कि यहां देवी माता सती के पैर गिरे थे।

राज्य परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे मिनी बसों भुबनेश्वर तक पहुंचा जा सकता है। पुरी का अपना रेलवे स्टेशन है जो इसे कोलकाता, नई दिल्ली, अहमदाबाद और विशाखापत्तनम जैसे शहरों में जोड़ता है, जबकि भुवनेश्वर भी ज्यादातर प्रमुख भारतीय शहरों से जुड़ा हुआ है। निकटतम हवाई अड्डा भुवनेश्वर में स्थित है जो 56 किमी की दूरी पर है।

# दुर्गा सप्तशती के हर अध्याय का प्रतिफल



## श्री दुर्गा सप्तशती : अलग-अलग अध्यायों के पाठ का महत्व

**मनुष्य की इच्छाएं अनंत हैं और इनकी पूर्ति के लिए दुर्गा सप्तशती से सुगम और कोई भी मार्ग नहीं है। इसलिए नवरात्र में विशेष रूप से दुर्गा सप्तशती के तेरह अध्यायों का पाठ भक्तिभाव से करने का विधान है। कई लोग समयाभाव में संक्षिप्त पाठ भी करते हैं।**

**मां दुर्गा** की आराधना और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ सर्वोत्तम है। भुवनेश्वरी संहिता में कहा गया है कि जिस प्रकार से 'वेद' अनादि है, उसी प्रकार 'सप्तशती' भी अनादि है। दुर्गा सप्तशती के 700 श्लोकों में देवी-चरित्र का वर्णन है। दुर्गा सप्तशती में कुल 13 अध्याय हैं। इन तेरह अध्याय अलग- अलग इच्छित मनोकामनाओं की सहज ही पूर्ति करते हैं। इस पाठ से सालों साल उर्जा की की अनुभूति महसूस की जा सकती है।

**प्रथम अध्याय :-** इसके पाठ से सभी प्रकार की चिंताएं दूर होती हैं एवं शक्तिशाली से शक्तिशाली शत्रु का भी भय दूर होता है. शत्रुओं का नाश होता है।

**द्वितीय अध्याय :-** इसके पाठ से बलवान शत्रु द्वारा घर एवं भूमि पर अधिकार करने एवं किसी भी प्रकार के वाद विवाद आदि में विजय प्राप्त होती है।

**तृतीय अध्याय :-** इस अध्याय के पाठ से युद्ध एवं मुकदमे में विजय, शत्रुओं से छुटकारा आदि मिलता है।

**चतुर्थ अध्याय :-** इस अध्याय के पाठ से धन, सुन्दर जीवन साथी एवं मां की भक्ति की प्राप्ति होती है।

**पंचम अध्याय : -** पंचम अध्याय के पाठ से भक्ति मिलती है, भय , बुरे स्वप्नों और भूत- प्रेत बाधाओं का निराकरण होता है।

**छठा अध्याय :-** इसके पाठ से समस्त बाधाएं दूर होती हैं और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

**सातवां अध्याय :-** इस अध्याय के पाठ से हृदय की समस्त कामना अथवा किसी विशेष गुप्त कामना की पूर्ति होती है.

**आठवां अध्याय :-** अष्टम अध्याय के पाठ से धन लाभ के साथ वशीकरण प्रबल होता है।

**नौवां अध्याय :-** नवम अध्याय के पाठ से खोये हुए की तलाश में सफलता मिलती है, संपत्ति एवं धन का लाभ भी प्राप्त होता है.

**दसवां अध्याय :-** इस अध्याय के पाठ से गुमशुदा की तलाश होती है, शक्ति और संतान का सुख भी प्राप्त होता है।

**ग्यारहवां अध्याय :-** ग्यारहवें अध्याय के पाठ से किसी भी प्रकार की चिंता से मुक्ति, व्यापार में सफलता एवं सुख-संपत्ति की प्राप्ति होती है।

**बारहवां अध्याय :-** इस अध्याय के पाठ से रोगों से छुटकारा, निर्भयता की प्राप्ति होती है एवं समाज में मान-सम्मान मिलता है।

**तेरहवां अध्याय : -** तेरहवें अध्याय के पाठ से माता की भक्ति एवं शक्ति इच्छित वस्तुओं की प्राप्ति होती है।

